प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में हुए शामिल : फूलों की होली खेल शांति और सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने का दिया संदेश।
2. प्रदेश भर में आज विधि विधान के साथ किया जा रहा है होलिका दहन : कल चन्द्र ग्रहण के कारण अधिकतर जनपदों में बुधवार को खेली जाएगी होली।
3. अयोध्या, मथुरा और वाराणसी समेत प्रमुख मंदिरों के कपाट कल दिनभर रहेंगे बंद : चंद्रग्रहण दर्शन के लिये लखनऊ की इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला में रहेगी निशुल्क व्यवस्था।

और

4. उत्तर प्रदेश ने एक दिन में 22 सौ से अधिक रूफटॉफ सोलर इंस्टॉलेशन का बनाया नेशनल रिकॉर्ड : फरवरी महीने में लगाये गये 35 हज़ार 804 रूफटॉप सोलर।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में होलिका दहन के अवसर पर आयोजित भक्त प्रह्लाद की शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री योगी ने भक्त प्रहलाद की विधिवत आरती कर और फूलों की होली

खेलकर किया। कार्यक्रम में श्री योगी ने सभी से शांति और सौहार्द पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में प्रदेश में अनुशासन और विकास का माहौल बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में निर्माणाधीन विरासत गलियारा आने वाले दिनों में जनपद की तस्वीर बदल देगा। बाइट.....

*सबको सुरक्षा का एहसास है, सबको विश्वास है, एक दूसरे के प्रति सम्मान का भाव है और यही रामराज्य की अवधारणा है और प्रधानमंत्री जी इसी बात को लेकर कहते हैं कि जब इस प्रकार की स्थिति आएगी तो भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनने में कोई देर नहीं लगने वाली है और यही स्थिति पैदा करने के लिए यह कार्य चल रहा है। बहुत शीघ्र यह कार्य जब होगा तो आप देखना शानदार गलियारा जो भी जाएगा गौरव की अनुभूति करेगा।*

———————————

प्रदेश भर में आज विधि विधान के साथ होलिका दहन किया जाएगा। हालांकि कल चंद्र ग्रहण होने के कारण अधिकतर जनपदों में होली बुधवार को खेली जाएगी। वहीं होलिका दहन से पहले आज कई ज़िलों में लोग होलिका पूजन कर रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*हापुड़ में सुबह से ही महिलाएं रोली, चावल चढ़ाने के साथ अर्घ्य देकर होलिका की परिक्रमा कर रही हैं। बरेली में होली से एक दिन पहले ऐतिहासिक राम बारात निकाली गई। इसकी शुरुआत बमनपुरी स्थित प्राचीन नरसिंह मंदिर से हुई। यह भव्य शोभायात्रा शहर के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरी जहां जगह–जगह इसका स्वागत अबीर और गुलाल सेकिया गया। राजधानी लखनऊ में आज लगभग 3800 जगह पर होलिका दहन होगा। शहर के प्रमुख मंदिरों, घाटों और सार्वजनिक स्थलों पर आरती, हवन,*

*शोभायात्रा, महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

होली पर्व के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतज़ाम किए हैं। सभी भीड़–भाड़ वाले इलाकों में सतर्कता बरती जा रही है। लखनऊ में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग और संवेदनशील दहन स्थलों की निगरानी के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। बाइट.....

*प्रत्येक जगहों के लिए हमारी मोबाइल पार्टियां और स्टैटिक फोर्स उसको तैनात किया गया है। 3–4 को जब रंगों का त्यौहार होगा, उसमें हमने दो शिफ्ट में ड्यूटीयां लगाई है। प्रत्येक थाने में विशेष कर जो पुराना शहर है, वहां पर हमने अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया है, जिसमें हमें तकरीबन 14 कंपनी पीएससी के आसपास डिप्लॉयमेंट है। साथ ही साथ जो हमारे कार्यालयों के और अन्य फोर्स हैं, उनको भी हमने त्यौहार के दिन दो शिफ्टों में डिप्लॉय किया है ताकि पूरे दिन भर किसी भी प्रकार की सूचना पर हम तत्काल रिस्पॉन्ड कर सके और हमारा रिस्पांस टाइम काफी कम रहे।*

————————————

होली पर्व के अवसर पर प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से कई होली विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया है। इसकी जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि छपरा–आनन्द विहार टर्मिनल–छपरा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन छपरा से 05 से 14 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार और शनिवार को किया जाएगा। वहीं आनन्द विहार टर्मिनल से 06 से 15 मार्च तक

प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को होली विशेष ट्रेनों का संचालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि होली विशेष ट्रेनों में गोरखपुर–बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से आज रात से किया जायेगा। आजमगढ़–बांद्रा टर्मिनस होली विशेष गाड़ी का संचालन आजमगढ़ से 07 और 14 मार्च को और बांद्रा टर्मिनल से 09 व 16 मार्च को किया जायेगा।

———————————

वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण कल पड़ेगा। लखनऊ सहित उत्तर भारत में इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। लखनऊ की इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए निशुल्क आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप से चंद्रग्रहण दर्शन लोगों को करवाया जायेगा। यह विशेष कार्यक्रम शाम 7 बजे तक संचालित किया जायेगा।

चंद्र ग्रहण के दौरान प्रदेश के प्रमुख मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि चंद्र ग्रहण से पहले ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। बाइट.....

*काशी में जो चंद्रग्रहण का समय हमारे आचार्यों ने गणना की है तो उसमें 3 मार्च 2026 को चंद्रोदय का समय सायम 5.59 पर है और ग्रहण मोक्ष का समय सायम 6.47 पर है। इसके अनुसार अपराह्न 4.30 पर मंदिर के कपाट*

*बंद किए जाएंगे और शुद्धिकरण पूजन इत्यादि के उपरांत 7.15 पर मंदिर के कपाट पुनः खोले जाएंगे।*

रामनगरी अयोध्या में भी चंद्र ग्रहण के प्रभाव के चलते सभी प्रमुख मठ और मंदिरों के पट सुबह लगभग 8 बजे से रात 8 बजकर 30 मिनट तक बंद रहेंगे। श्री राम जन्मभूमि मंदिर, कनक भवन, दशरथ महल और हनुमानगढ़ी सहित सभी मंदिरों में दर्शन–पूजन नहीं होगा। वहीं मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के अनुसार सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ सभी मंदिरों के पट खुलेंगे। इसके बाद सुबह छह बजे पट बंद हो जाएंगे। चंद्र ग्रहण के बाद शाम 8 बजे सभी मंदिरों के पट दोबारा खुलेंगे।

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज वाराणसी में क्षेत्रीय सरस मेले के समापन समारोह में शामिल हुए। इस आवासीय मेले में विभिन्न प्रदेशों और उत्तर प्रदेश के

विभिन्न जनपदों से आये महिला समूहों ने लगभग एक करोड़ रुपए का व्यापार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्य मंत्री ने प्रदेश में अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति महिला क्लब में शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री मौर्य ने बीमा सखियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही वाराणसी के 703 महिला समूहों को सामुदायिक निवेश निधि और 20 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड में 10 करोड़ साठ लाख रुपए से अधिक की धनराशि का चेक प्रदान किया।

———————

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए उत्तर प्रदेश ने 28 फरवरी को एक दिन में सर्वाधिक 2,211 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन कर नेशनल रिकॉर्ड स्थापित किया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार राज्य में अब तक 11 लाख 64 हज़ार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*राष्ट्रीय पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 3 लाख 93 हज़ार से अधिक रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं। जिससे करीब 3 लाख 98 हज़ार परिवार लाभान्वित हुए हैं। प्रदेश में कुल स्थापित सौर क्षमता 1343 दशमलव 5 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2,663 करोड़ रुपये से अधिक की केंद्र सरकार की सब्सिडी और लगभग 920 करोड़ रुपये की राज्य सरकार की सब्सिडी लाभार्थियों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। यूपीनेडा*

*के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फरवरी माह में प्रदेश में रिकॉर्ड 35 हज़ार 804 रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किए गए। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

---

एयर इंडिया ने पश्चिमी एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए यात्रियों को परामर्श जारी किया है। परामर्श में एयर लाइन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इस्राएल और कतर से आने–जाने वाली सभी उड़ानें आज भी स्थगित रहेंगी। इसके अलावा, आज यूरोप जाने वाली कुछ उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। एयर लाइन ने कहा कि वह स्थिति पर लगातार नज़र रख रही है।

---

जौनपुर के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मैनुद्दीनपुर के छात्र अनुराग यादव ने राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। अनुराग ने 180 में से 172 अंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है।

(समाप्त)